www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 20 जून, 2019 | वर्ष-12 | अंक-75 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

अच्छी शिक्षा व बच्चों के अच्छे भविष्य के हवन-पूजन का आयोजन

ग्रेटर नोएडा, 19 जून (देशबन्धु)। गौर सिटी स्थित गौर इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों की प्रयोगात्मक क्षमता को मजबूत करने के लिए स्कूल में बुधवार को हवन पूजा आयोजित की गई। इस मौके पर स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ, जिसमें लेखक व गौर ग्रुप के फाउंडर बीएल गौर, गौर ग्रुप के एमडी मनोज गौर, स्कूल की डायरेक्टर मंजू गौर, पूर्व भारतीय क्रिकेटर मदन लाल, मेम्बर सीबीएसई गवर्निंग बॉडी लता वैद्यनाथन, स्कूल के सीईओ आशीष शर्मा और प्रिंसिपल देबारती बोस उपस्थित रहें। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर जूनियर विंग का उद्घाटन किया और बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के अतिरिक्त कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया। गौर इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर मंजू गौर ने बताया कि बच्चों को उनके स्कूली पाठ्यक्रम से अलग हटकर कुछ नया सीखना बेहद जरुरी है। क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी विशेषता होती है, जिसे पेश करने के लिए यदि सही समय पर सही मंच मिल जाए तो वहीं विशेषता उस व्यक्ति की पहचान बन जाती है। बच्चों में उनकी अन्दर छिपी प्रयोगात्मक क्षमता को निखारने के उद्देश्य से हमनें जूनियर विंग की शुरुआत की है। हमें उम्मीद है कि यह पहल बच्चों के भविष्य बेहतर करने में सहायक होगी।